## प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 04.10.2016 को संपन्न विभागीय पदाधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही :—

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 04.10.2016 को विभागीय पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं प्रशाखा पदाधिकारी उपस्थित हुए।

2. मुख्यमंत्री शहरी निश्चय योजनांतर्गत "मुख्यमंत्री शहरी नाली–गली पक्कीकरण निश्चय योजना" की अभी तक 18 नगर निकायों से दीर्घकालीन कार्य योजना विभाग में प्राप्त नहीं हुई है। आई०टी० मैनेजर इस हेतु संबंधित नगर निकायों से आज ही दूरभाष पर वार्ता करके अद्यतन स्थिति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएंगे एवं प्रतिदिन संबंधित नगर निकायों से समन्वय सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन :— श्री अमितेष, आई०टी० मैनेजर)**

3. वर्तमान में प्रशाखा–4 के प्रशाखा पदाधिकारी ही प्रशाखा–3 के अतिरिक्त प्रभार में कार्यरत हैं। प्रशाखा–3 एवं 4 में अलग–अलग प्रशाखा पदाधिकारी की पदस्थापना हेतु प्रस्ताव संचिका में शीघ्र उपस्थापित की जाय। **(अनुपालन :— श्री भरत झा, निदेशक, नगरपालिका प्रशासन)**

4. प्राक्कलन समिति, आश्वासन समिति, निवेदन समिति, शून्यकाल समिति, याचिका समिति, ध्यानाकर्षण समिति के विधानमंडलीय प्रश्नों एवं अनुपालन प्रतिवेदनों को वर्षवार समेकित करके व्यवस्थित रूप से कम्प्यूटराईज्ड तैयार करने हेतु पूर्व में भी कई बार निर्देशित किया गया है, जो अभी तक पूर्णरूपेण नहीं हो पाया है। प्रतिवेदन की सूची तैयार कर एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से संचिका में उपस्थापित किया जाय। इसकी हर साप्ताहिक बैठक में समीक्षा की जाएगी। **(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—6)**

5. Solid Waste Management अंतर्गत Solid Waste Management, 2016, Construction demolition, Plastic आदि संबंधी प्रावधान के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश नगर निकायों को भेजा जाय। प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिशानिर्देश प्रारूप अनिवार्य रूप से संचिका में उपस्थापित करना सुनिश्चित की जाय।

**(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—3)**

6. Regional Landfill Site संबंधी संलेख की संचिका 2 दिनों के अंदर उपस्थापित की जाय।

**(अनुपालन :— Team Leader, SPUR)**

7. SBM, HFA, AMRUT एवं मुख्यमंत्री शहरी निश्चय योजना का नगर निकायों में कार्यान्वयन का विभागीय पदाधिकारियों द्वारा उन्हें आवंटित जिला के नगर निकायों में स्थल निरीक्षण हेतु आदेश निर्गत करने हेतु प्रारूप संचिका में उपस्थापित किया जाय एवं इस हेतु अद्यतन तैयारी रखने के लिए सभी नगर निकायों को पत्र भी भेजा जाय। जिले के प्रभारी पदाधिकारी स्थल निरीक्षण के उपरांत प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराएंगे। **(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—3)**

8. विभाग द्वारा 400.00 करोड़ रूपये में से 77.00 करोड़ रूपये नल–जल निश्चय योजना अंतर्गत आवंटित कर दी गयी है। बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा पूर्व से कार्यान्वित की जा रही 30 योजनाएं एवं AMRUT योजना आच्छादित नगर निकायों को छोड़कर अन्य नगर निकायों की योजना स्वीकृत करने हेतु प्रस्ताव संचिका में उपस्थापित की जाय। **(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—2)**

9. Public Toilet एवं Community Toilet के संबंध में भारत सरकार से प्राप्त राशि का प्रतिवेदन संचिका में उपस्थापित किया जाय। **(अनुपालन :— श्रीमती इन्दु कुमारी, विशेष कार्य पदा०)**

10. विभागीय पदाधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक से संबंधित विभागीय वेबसाईट पर Online Reporting हेतु विकसित की गयी सॉफ्टवेयर में इंट्री करने हेतु पूर्व से निदेशित किया जाता रहा है। सभी विभागीय पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे सॉफ्टवेयर में ऑनलाईन इंट्री नियमित रूप से सुनिश्चित करेंगे। अगली बैठक से Online Reporting के आधार पर ही समीक्षा की जाएगी।

**(अनुपालन :— सभी पदाधिकारी)**

11. अभियंत्रण कोषांग में निविदा संबंधी TS, TA आदि हेतु लंबित कार्यों की सूची तैयार कर 2 दिनों के अंदर संचिका में अवलोकन हेतु उपस्थापित की जाय। **(अनुपालन :— मुख्य अभियंता, बुडा)**

12. मुख्यमंत्री शहरी नाली—गली पक्कीकरण निश्चय योजनांतर्गत सभी नगर निकायों को राशि आवंटित कर दी गयी है। नगर निकायों द्वारा इस योजनांतर्गत निविदा आदि के संबंध में की गयी कार्रवाई का प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु नगर निकायों से समन्वय किया जाय। इस योजना के कार्यान्वयन के ऑनलाईन अनुश्रवण की व्यवस्था की जाय। **(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—2)**

13. वर्ष 2008—09 में पटना नगर निगम द्वारा 32 डिलक्स शौचालयों का निर्माण कराया गया था, जो वर्तमान में अत्यंत ही खराब हालत में है। इन शौचालयों का स्थल निरीक्षण करने हेतु विभागीय पदाधिकारियों/अभियंताओं का दल गठित करने के लिए पिछली बैठक में निर्देशित किया गया था, जिसका अनुपालन अभी तक नहीं हो पाया है। इस हेतु दल का गठन एक सप्ताह के अंदर कर लिया जाय। यह दल 15 दिनों के अंदर स्थल निरीक्षण करके प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे।

**(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—2)**

14. मुख्यमंत्री शहरी नाली—गली पक्कीकरण निश्चय योजना एवं जलापूर्ति योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास के संबंध में जिन नगर निकायों से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं, उनसे प्रतिदिन समन्वय किया जाय ताकि माननीय मुख्यमंत्री से उद्घाटन/शिलान्यास हेतु अनुरोध किया जा सके।

**(अनुपालन :— मुख्य अभियंता, बुडा)**

15. "शौचालय संधारण नीति" एवं "स्ट्रीट लाईट संधारण नीति" का प्रारूप तैयार कर संचिका में उपस्थापित करने हेतु पिछली बैठक में निदेशित किया गया था, जो अभी तक नहीं हो पाया है। एक सप्ताह के अंदर प्रारूप तैयार करके संचिका में उपस्थापित किया जाय। **(अनुपालन :— Team Leader, SPUR)**

16. नये नगर पंचायतों के गठन, नगर पंचायत से नगर परिषद एवं नगर परिषद से नगर निगम में उत्क्रमित किये जाने के संबंध में जिला स्तर से प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु प्रतिदिन समन्वय सुनिश्चित किया जाय। **श्री अरविन्द कुमार झा, सहायक निदेशक इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

17. सभी नगर निकायों में प्रधान मुख्य सड़क एवं मुख्य सड़कों में अधिष्ठापित स्ट्रीट लाईट की सूचना एवं जिन पथों में स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापित नहीं हैं, की विवरणी, जिसमें प्रधान मुख्य सड़क एवं मुख्य सड़कों की लंबाई आदि से संबंधित पूर्ण सूचना रहे, नगर निकायों से प्राप्त की भेजा जाय।

**(अनुपालन :— प्रशाखा पदा०—2)**

18. प्रशाखावार/कोषांगवार संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की विवरणी अनुलग्नक—1 के रूप में संलग्न है। इनमें वैसे मुद्दे, जो अभी तक लंबित हैं, उसकी सूची तैयार कर ली जाय एवं अगली बैठक में विमर्श हेतु उपस्थापित किया जाय। **सभी प्रभारी पदाधिकारी इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

5/10/2016

**(चैतन्य प्रसाद),**
प्रधान सचिव

